स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों में 31 मार्च तक मिलेगा नल कनेक्शन

राज्य जल व स्वच्छता मिशन की कार्यकारी समिति की बैठक

डेली न्यूज (5)

जयपुर ▷ 25 फरवरी

स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों और स्वास्थ्य केंद्रों में 31 मार्च तक नल कनेक्शन जारी किए जाएंगे। इसके लिए जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधांश पंत ने गुरुवार को अधिकारियों को निर्देश जारी किए। उन्होंने प्रदेश में पेयजल के स्रोतों की लंबे समय तक स्थिरता के लिए अधिकारियों को 'ग्राउंड वाटर रिचार्ज' और 'जल संरक्षण' पर फोकस करने के भी निर्देश जारी किए।

राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की कार्यकारी समिति की गुरुवार को सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। इसमें पंत ने स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों और स्वास्थ्य केंद्रों में नल कनेक्शन देने की प्रगति की समीक्षा की और शेष बचे स्थानों पर 31 मार्च तक कनेक्शन देने के निर्देश दिए। बैठक में पंत ने कहा कि विभाग में नलकूप और हैंडपंप सहित पेयजल सप्लाई के स्रोतों के आस-पास वाटर रिचार्ज के लिए जल जीवन मिशन (जेजेएम) की गाइडलाइन के अनुसार संरचनाओं का निर्माण किया जाए।